# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 27.09.2025

**वीडीए के अपर सचिव ने लापरवाही पर जताई नाराजगी**

वाराणसी : विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को डीआइजी कालोनी में निर्माणाधीन अधिकारी भवन का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य धीमी गति से होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से कराने को कहा। उन्होंने साधन और संसाधन बढ़ाकर तेजी से काम कराने का निर्देश दिया। लक्ष्य के सापेक्ष अधूरे काम को एक माह के अंदर पूरा कर लिया जाय। (जासं)

### दैनिक जागरण–दि0 27.09.2025

**ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्यों में लापरवाही मिलने पर कार्यदायी संस्था को दी चेतावनी**

- मासिक रिपोर्ट में लक्ष्य के सापेक्ष काम नहीं होने पर लगेगा जुर्माना, करेंगे ब्लैक लिस्टेड
- आइआइटी बीएचयू की टीम ने निर्माणाधीन रिटेलिंग वाल ओवरहेड टैंक की परखी गुणवत्ता

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखने के लिए शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डा. वीपी मिश्रा और आइआइटी बीएचयू के इंजीनियर प्रो. बिंद कुमार, प्रो. पीके सिंह की टीम पहुंची। टीम ने निर्माणाधीन रिटेलिंग वाल और ओवरहेड टैंक की गुणवत्ता परखी। मानक के विपरीत और धीमी गति से काम होने पर वीडीए सचिव ने कार्यदायी संस्था नंदन कंस्ट्रक्शन को चेतावनी पत्र जारी करने का निर्देश दिया। साधन और संसाधन बढ़ाकर तेजी से काम कराने को कहा। अधिशासी अभियंता एके शर्मा को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट लेने को कहा। मासिक रिपोर्ट में लक्ष्य के सापेक्ष काम नहीं होने पर कार्यदायी संस्था पर जुर्माना करने के साथ ब्लैक लिस्टेट किया जाएगा।

वीडीए सचिव ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में डिजाइन और गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए विकास प्राधिकरण ने आइआइटी बीएचयू के साथ एमओयू किया है। आइआइटी के इंजीनियर समय-समय पर निरीक्षण करने के साथ गुणवत्ता को लेकर अपनी रिपोर्ट देंगे जिससे कार्यदायी संस्था लापरवाही नहीं बरत सके। कार्यदायी संस्था प्रस्तावित डिजाइन के अनुसार काम कर रही है लेकिन मंजदूरों की संख्या कम है। साधन और संसाधन नहीं होने से तय अवधि में काम पूरा होना संभव नहीं है।

निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एके शर्मा, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, अवर अभियंता संजय तिवारी और डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर एलबी दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है।



ट्रांसपोर्ट नगर में निरीक्षण करते वीडीए व आइआइटी बीएचयू की टीम के सदस्य।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज–दि0 27.09.2025

# डीएम सत्येन्द्र कुमार व वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश ने किया ट्रांसपोर्ट नगर योजना का निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा एवं बी.एच.यू. की टीम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना का शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान वर्तमान में कई निर्माण कार्य प्रगति पर पाए गए जिसमें रिटेनिंग वाल का निर्माण।

500 किलोलीटर क्षमता वाले 20 मीटर ऊँचाई पर स्थित कुल 3 स्टेजिंग टैंक का निर्माण। एच.डी.पी.ई. पाइपलाइन के माध्यम से वाटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइन का निर्माण कार्य तथा आईएसबीटी भूमि का निरीक्षण किया गया द्य इसके अतिरिक्त सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा एवं बी.एच.यू. की टीम द्वारा आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) परिसर में वेस्ट डिस्पोज़ल विषय पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि रिटेनिंग वाल के कार्य में श्रमिकों की संख्या अपर्याप्त है, अतः कार्य की गति तेज करने हेतु लेबर संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही, सभी कार्यों को गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए।निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, अवर अभियंता संजय तिवारी,अवर अभियंता संजय गुप्ता सहित प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार निरीक्षण के दौरान वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा को निर्देशित करते हुए